**दिनांक 22.01.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में Construction of Boundary wall of Total Occupied land of Sub-divisional Court, Paliganj under Patna Judicature कार्य के आमंत्रित निविदा के तकनीकी बीड पर प्राप्त आपत्ति/परिवाद पर विचार करने हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही:-**

**उपस्थिति:-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **श्री कुमार रवि,**<br>सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | - | अध्यक्ष |
| 2. | **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,**<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-<br>सह-विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | - | सदस्य |
| 3. | **श्री ब्रजेश कुमार,**<br>मुख्य अभियंता(पटना),<br>भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | - | सदस्य |
| 4. | **श्री विकास कुमार पाण्डेय,**<br>आन्तरिक वित्तीय सलाहकार,<br>भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | - | सदस्य |

**कार्यवाही:-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **कार्य का नाम** | - | **Construction of Boundary wall of Total Occupied land of Sub-divisional Court, Paliganj under Patna Judicature** |
| 2. | **प्रशासनिक स्वीकृति की राशि** | - | ₹2,22,69,000.00 (विधि विभाग, बिहार का ज्ञापांक 3394/जे0 दिनांक 30.05.2025) |
| 3. | **तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग** | - | ₹2,62,98,400.00 (मुख्य अभियंता(नि0), भ0नि0वि0 का पत्रांक 1621(नि0)अनु0 दिनांक-17.10.2025) |
| 4. | **विषयांकित कार्य हेतु परिमाण विपत्र की राशि** | - | ₹2,61,16,782.00 |
| 5. | **निविदा आमंत्रण की तिथि** | - | 17.11.2025 |
| 6. | **कार्य की अवधि** | - | 09(नौ)माह |
| 7. | **निविदा प्राप्त (डाउनलोड) करने की प्रारंभ तिथि** | - | 09.12.2025 |
| 8. | **निविदा जमा (अपलोड) करने की अंतिम तिथि** | - | 31.12.2025 |
| 9. | **प्री-बीड बैठक की तिथि समय एवं स्थान** | - | दिनांक 17.12.2025 को मुख्य अभियंता (पटना) के कार्यालय कक्ष में एवं दिनांक 16.12.2025 को अधीक्षण अभियंता, पटना भवन अंचल, पटना। |
| 10. | **निविदा प्रसारण का माध्यम** | - | ई-निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| 11. | **टेन्डर आई0डी0** | - | 119531 |
| 12. | **प्रकाशन का पी0आर0 संख्या** | - | 017715(भवन)2025-26 |
| 13. | **निविदा में भाग लेनेवाले निविदाकार का नाम एवं पता** | - | **(I)** SARVESH KUMAR, AT-HASANBAZAR, BHOJPUR, BIHAR-802204<br>**(II)** M/S SIDDHIVINAYAK, AT-GARDANIBAGH, PATNA-800020<br>**(III)** M/S BINDHYAWASHINI ENTERPRISES ADD-KHAJURI, NAUBATPUR, PATNA-801109<br>**(IV)** AMOD KUMAR, ADD-PATORI, BLOCK-SATAR KATAIYA, P.O.-PANCHGANIYA.P.S-BIHRA, SAHARSA,BIHAR-852124<br>**(V)** MAHAKAVI YOGESH NIRMAN PRIVATE LIMITED, ADD-401, SHAKUNTLA ENCLAVE, SAHJANAND PATH,PATEL NGAR,BIHAR-800023 |

**14.** तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति **की कार्यवाही:-**

विषयांकित कार्य की यह प्रथम निविदा है। विषयांकित कार्य की निविदा में उपरोक्त पाँच निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया है। पाँचों निविदाकार के तकनीकी बीड के अभिलेखों को अधीक्षण अभियंता, पटना भवन अंचल, पटना के पत्रांक 25 अनु0 दिनांक 07.01.2026 द्वारा मूल्यांकन हेतु भेजा गया है।

दिनांक 12.01.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में तकनीकी बीड मूल्यांकन पर दिनांक 19.01.2026 के पूर्वाहन 10.00 बजे तक किसी भी प्रकार की आपत्ति/परिवाद दर्ज करने हेतु कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने का निर्णय लिया गया था।

15. प्राप्त आपत्ति/परिवाद पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही:-

विषयांकित कार्य के आमंत्रित निविदा के तकनीकी बीड मूल्यांकन पर आपत्तिकर्ता निविदाकार M/S BINDHYAWASHINI ENTERPRISES के ईमेल पत्रांक शून्य दिनांक 18.01.2026 द्वारा आपत्ति दर्ज की गयी एवं परिवादी श्री रितेश कुमार, ग्राम-गोविंद पुर, दातियाना, बिक्रम, पटना द्वारा दिनांक 19.01.2026 को परिवाद प्राप्त हुयी है, जिस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्य निम्नवत है:-

| प्राप्त आपत्ति/परिवाद की विवरणी | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्य |
|---|---|
| आपत्तिकर्ता निविदाकार M/S BINDHYAWASHINI ENTERPRISES ने आपत्ति दर्ज की है कि "मेरे द्वारा कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र (Work Experience Certificate) जमा किया गया है। इसमें PCC/RCC एवं Brick Work का कुल अनुभव पिछले तीन वर्षों का एक साथ दिया गया है। मेरे द्वारा एक वर्ष में PCC/RCC एवं Brick Work का कार्य 2022 में निविदा में डाले गये कार्य अनुभव से अधिक है। इसका प्रमाण-पत्र मैं जमा कर रहे हैं"। | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने पाया कि निविदाकार M/S BINDHYAWASHINI ENTERPRISES द्वारा बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम लिमिटेड अंतर्गत Construction of 40 Constable Barrack and 10 Officers's Residence Building with Electrification Work at Manikpur O.P. Suryagarha Block in the Dist. of Lakhisarai. कार्य का अनुभव प्रमाण-पत्र अपलोड किया गया है, जिसमें कार्य मदों की विवरणी वर्षवार अंकित नहीं है। कार्य प्रारंभ की तिथि 15.12.2021 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 12.03.2025 अंकित है। विदित हो कि एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) अंतर्गत The minimum quantities executed in **any one year** from last five years के विरूद्ध समर्पित अभिलेख में वर्षवार मदों की विवरणी अंकित होना आवश्यक है।<br>अतएव तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा आपत्तिकर्ता निविदाकार M/S BINDHYAWASHINI ENTERPRISES के तकनीकी बीड के मूल्यांकन के संबंध में प्राप्त आपत्ति को खारिज करने का निर्णय लिया गया। |
| परिवादी श्री रितेश कुमार, ग्राम-गोविंद पुर, दातियाना, बिक्रम, पटना ने परिवाद दर्ज किया गया है कि "दिनांक 12.01.2026 को विषयांकित कार्य हेतु प्रमंडल द्वारा आमंत्रित निविदा के विभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में Amod kumar, Add-Patori, block-Satar Kataiya, P-O-Panchganiya, P.S-Bihar, Saharsa Bihar-852124 संवेदक को सफल घोषित किया गया है, परंतु इनके द्वारा निविदा में निम्न कागजात गलत/फर्जी अपलोड किया गया है।<br>1- इनके द्वारा निविदा में अपलोड किया गया कार्य अनुभव प्रमाण पत्र गलत एवं फर्जी है। उक्त कार्य का वास्तविक मापी पुस्त एवं एकरारनामा की प्रति से मिलान किया जा सकता है। साथ ही प्रमंडल से सत्यापन के दौरान भी सत्यता की जाँच की जा सकती है।<br>2- इनके द्वारा विषयांकित कार्य हेतु जिस इंजीनियर का शपथ पत्र दिया गया है, वह व्यक्ति वास्तविक में इनका कार्य नहीं करते है। इस संबंध में अपने स्तर से उक्त इंजीनियर को प्रत्यक्ष रूप से बुलाकर सत्यापन किया जा सकता है। | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने निविदाकार Amod Kumar के निविदा कागजातों का पुनः जाँचोपरांत किया गया परिवादी द्वारा लगाये गये आरोप पर बिन्दुवार प्रतिवेदन निम्न है:-<br>1- निविदा में अपलोड किया गया अनुभव प्रमाण-पत्र का सत्यापन कार्यपालक अभियंता, पटना सिटी भवन प्रमंडल, गुलजारबाग, पटना के पत्रांक 122 अनु0 दिनांक 09.01.2026 द्वारा किया गया है।<br>2- निविदाकार द्वारा निविदा अभिलेख के अनुपालन में वांछित संख्या में अभियंताओं के साथ पारस्परिक शपथ-पत्र तथा शैक्षणिक प्रमाण-पत्र संलग्न किया गया है। परिवादी के द्वारा दिये गये परिवाद में कोई साक्ष्य संलग्न नहीं है। |

| | |
|---|---|
| 3- पूर्व में भी पटना पश्चिम भवन प्रमंडल, दानापुर, पटना के द्वारा आमंत्रित टेंडर आई0टी-83736 में इनके द्वारा अपलोड किये गये कार्य अनुभव का बिना सत्यापन कराये ही उक्त निविदा में इन्हे सफल घोषित किया गया है। फर्जी कार्य अनुभव का इस्तमाल कर ये पूर्व में निविदा में भाग लिए है एवं इनको विभाग द्वारा कार्य आवंटित किया गया है। जो की नियमानुकूल नहीं है। | 3- परिवादी द्वारा अंकित टेंडर आई0डी0-83736 की जाँच की गयी, जाँच के क्रम में पाया गया कि इस टेंडर आई0डी0 से Construction of New Panchayat sarkar Bhawan (Civil + Electrical work) at Dariyapur Panchayat, Ibrahimpur Panchayat and Nawahi Panchayat in Naubatpur Block, Patna for the year 2024-25 कार्य की निविदा प्रकाशित की गयी थी जिसमें Amod Kumar ने भाग लिया था। दिनांक 21.01.2025 को तकनीकी समिति की बैठक में Amod Kumar को आमंत्रित निविदा में न्यूनतम अर्हता पूर्ण नहीं करने के कारण असफल घोषित किया गया था। उक्त आमंत्रित निविदा में एकल सफल निविदाकार हो जाने के कारण आमंत्रित निविदा रद्द कर दी गयी थी। |
| 4- इनके द्वारा निविदा में अपलोड किये गये टर्न ओवर भी गलत है। इनसे 26 ए0एस लेकर अपने स्तर से मिलान किया जा सकता है। जिससे की सत्यता की जाँच हो सकेगी। | 4- Amod Kumar के द्वारा निविदा में अपलोड किये गये टर्न-ओवर अभिलेखों को udin.icai.org पोर्टल पर UDIN संख्या से मिलान किया गया एवं अभिलेख में अंकित राशि को पोर्टल पर अंकित राशि के समान पाया गया। |
| अतः श्रीमान से आग्रह है कि मेरे उपरोक्त वर्णित बातो पर विचार करते हुए पुर्न तकनीकी बीड का मूल्यांकन करने की कृपा की जाय, ताकि कोई भी संवेदक गलत कागजात के आधार पर निविदा न ले सके"। | अतएव तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा परिवादी श्री रितेश कुमार, ग्राम-गोविंद पुर, दातियाना, बिक्रम, पटना द्वारा Amod Kumar के तकनीकी बीड के मूल्यांकन पर लगाये गये सारे आरोप गलत पाया गया एवं प्राप्त परिवाद को खारिज करने का निर्णय लिया गया। |

16. <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसाः-</u>

दिनांक 20.01.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से निविदाकार **M/S BINDHYAWASHINI ENTERPRISES** से संबंधित प्राप्त आपत्ति को समीक्षोपरान्त खारिज करते हुये एवं परिवादी श्री रितेश कुमार, ग्राम-गोविंद पुर, दातियाना, बिक्रम, पटना द्वारा सफल निविदाकार Amod Kumar पर लगाये गये आरोप को खारिज करते हुए अपने पूर्व के निर्णय को यथावत रखते हुए तकनीकी बीड मूल्यांकन में सफल निविदाकार **(i) SARVESH KUMAR, AT-HASANBAZAR, BHOJPUR, BIHAR-802204 (ii) AMOD KUMAR, ADD-PATORI, BLOCK-SATAR KATAIYA, P.O.-PANCHGANIYA,P.S-BIHRA, SAHARSA,BIHAR-852124** एवं **(iii) MAHAKAVI YOGESH NIRMAN PRIVATE LIMITED, ADD-401, SHAKUNTLA ENCLAVE, SAHJANAND PATH, PATEL NGAR, BIHAR-800023** का वित्तीय बीड खोले जाने के अनुशंसा के साथ सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति में रखने का निर्णय लिया गया।

17. <u>विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-</u>

Construction of Boundary wall of Total Occupied land of Sub-divisional Court, Paliganj under Patna Judicature कार्य के तकनीकी बीड के आपत्ति/परिवाद पर दिनांक 20.01.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी अनुशंसा को अनुमोदित किया जाता है।

इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड की जाय।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 22/1/26 | 22/01/2026 | 22/1/26 | 22/1/26 |
| (विकास कुमार पाण्डेय)<br>आंतरिक वित्तीय सलाहकार,<br>भ0नि0वि0, बिहार, पटना | (ब्रजेश कुमार)<br>मुख्य अभियंता(पटना)<br>भ0नि0वि0, बिहार, पटना | (सुरेश प्रसाद प्रभाकर)<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव,<br>भ0नि0वि0, पटना | (कुमार रवि)<br>सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना |

ज्ञापांक-भवन/मु0अभि0(प0)यो0प्रा0-1-36/2025-284(P) पटना, दिनांक-22.01.26

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

22/01/2026

(ब्रजेश कुमार)
मुख्य अभियंता(पटना),
भवन निर्माण विभाग, पटना।